# मई 2015 में देश, दुनिया, खेल और विज्ञान जगत में क्या है खास....

## देश:

- **कन्फ्यूशियस इन द शैडो नामक पुस्तक का विमोचन**
  1 मई उपराष्ट्रपति मो. हामिद अंसारी ने चाइना-कन्फ्यूशियस इन द शैडो नामक पुस्तक का विमोचन किया. कन्फ्यूशियस को चीन के इतिहास में सबसे कुशल लेखक के रूप में माना जाता है.
- **मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी के पूर्ण कार्यान्वयन की समय सीमा बढ़ी**
  1 मई दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी के पूर्ण कार्यान्वयन की समय सीमा दो महीने के लिए बढ़ा दी. अब यह समय सीमा 3 जुलाई 2015 तक है.
- **वेदांत समूह ने नया प्रतीक चिह्न (लोगो) जारी किया**
  4 मई वेदांत समूह ने अपना नया प्रतीक चिह्न (लोगो) जारी किया. यह लोगो 'सेसा स्टरलाइट लिमिटेड' का नाम बदलकर 'वेदांत लिमिटेड' होने के बाद जारी किया गया.
- **सलमान खान को हिट एंड रन केस में पांच साल की सजा**
  6 मई अभिनेता सलमान खान को हिट एंड रन केस में पांच साल की सजा हुई. मुंबई सेशन कोर्ट ने सितंबर 2002 के हिट एंड रन मामले में उन्हें दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई. न्यायालय के अनुसार, सलमान नशे में गाड़ी चलाते हुए एक व्यक्ति के गैर इरादतन हत्या एवं अन्य को घायल करने के दोषी हैं.

- **सरकार ने अनुसुचित जाति के लिए क्रेडिट संवर्धन गारंटी योजना शुरू की**
  6 मई केंद्रीय सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए क्रेडिट संवर्धन गारंटी योजना शुरू की. देश में इस योजना को भारतीय औद्योगिक वित्त निगम लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित किया जाना है.
- **प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना को कैबिनेट की मंजूरी**
  6 मई केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्क्षता में हुई बैठक में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना को मंज़ूरी प्रदान की.
- **अटल पेंशन योजना को कैबिनेट की मंज़ूरी**
  6 मई केंद्रीय मंत्रिमंडल ने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अद्यक्षता में हुई बैठक में अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को मंज़ूरी प्रदान की.

  **डीडी न्यूज मोबाइल एप का लोकार्पण**
  7 मई सूचना एवं प्रसारण मंत्री अरुण जेटली ने डीडी न्यूज़ के मोबाईल एप का शुभारम्भ किया. साथ ही उन्होंने भारत-2015 का ई-संस्करण एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की ई-बुक का भी लोकार्पण किया.

- **फोर्ब्स द्वारा जारी 2000 प्रभावशाली कंपनियों की सूची में देश की 56 कंपनियां शामिल**
  6 मई फोर्ब्स ने विश्व में 2000 सबसे अधिक प्रभावशाली कम्पनियों की सूची जारी की. इस सूची में भारत की 56 कंपनियों को भी स्थान प्राप्त हुआ है.
- **प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) की शुरुआत**
  9 मई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता, पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) की शुरुआत की. यह एक दुर्घटना बीमा योजना है.
- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्नपुर इस्को स्टील प्लांट राष्ट्र को समर्पित किया**
  10 मई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बर्नपुर इस्को स्टील प्लांट (आइएसपी) राष्ट्र को समर्पित किया. पश्चिम बंगाल स्थित आइएसपी, स्टील आथारिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का एक आधुनिक एवं विस्तारित स्टील प्लांट (आइएसपी) है.
- **शशि कपूर दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित**
  10 मई बॉलीवुड के अभिनेता एवं फिल्मकार शशि कपूर को भारतीय सिनेमा जगत के सबसे बड़े सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार-2014 से सम्मानित किया गया. शशि कपूर को यह पुरस्कार भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया.
- **आय से अधिक संपत्ति मामले में जे जयललिता बरी**
  11 मई आय से अधिक संपत्ति के मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 11 मई 2015 को तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जे. जयललिता को बरी किया. इस फैसले के बाद उनके तमिलनाडु के मुख्यामंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया.
- **भारतीय डाक के ई-कॉमर्स केंद्र का संचालन शुरू**
  11 मई भारत में ऑनलाइन शापिंग के बढ़ते रुझान का लाभ उठाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने दिल्ली में अपने ई-कामर्स केंद्र का संचालन प्रारंभ कर दिया. इस ई-कामर्स केंद्र का उद्घाटन सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद द्वारा किया गया.
- **बांग्ला साहित्यकार सुचित्रा भट्टाचार्य का निधन**
  12 मई बांग्ला साहित्यकार सुचित्रा भट्टाचार्य का कोलकाता में 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया. वह समकालीन बंगाली साहित्य के लोकप्रिय उपन्यासकारों में से एक थी.
- **उत्तर प्रदेश सरकार ने समाजवादी जल एटीएम सेवा का शुभारम्भ**
  12 मई उत्तर प्रदेश सरकार ने बस स्टेशनों पर 'समाजवादी जल एटीएम सेवा' का शुभारंभ किया. योजना का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किया गया.
- **अनुराधा प्रसाद 'पंडित हरिदत्त शर्मा पुरस्कार' से सम्मानित**
  15 मई बीएजी फिल्मस एंड मीडिया लिमिटेड की सीएमडी अनुराधा प्रसाद को 'पंडित हरिदत्त शर्मा पुरस्कार' से सम्मानित किया. उन्हें यह पुरस्कार उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने नई दिल्ली के तीन मूर्ति भवन में प्रदान किया गया. अनुराधा प्रसाद को यह सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया.

**भारत सरकार ने नीति आयोग की वेबसाइट आरंभ की**

18 मई भारत सरकार ने राष्ट्रीय भारत परिवर्तन संस्थान (नीति) आयोग वेबसाइट आरंभ की. नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगड़िया द्वारा वेबसाइट आरंभ की गई. इस वेबसाइट पर निम्नआलिखित यूआरएल से पहुंचा जा सकता है- http://www.niti.gov.in

**42 वर्ष तक कोमा में रहीं नर्स अरुणा शानबाग की मृत्यु**

18 मई मुंबई के किंग एडवर्ड मेमोरियल (केईएम) अस्पताल में 42 वर्ष तक कोमा में रहीं नर्स अरुणा शानबाग की मृत्यु हो गई. वे वर्ष 1973 में यौन हिंसा के बाद कोमा में चली गई थी.

- **10वें विश्व हिंदी सम्मेलन की आधिकारिक वेबसाइट लांच**

  19 मई विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू भवन में 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन की आधिकारिक वेबसाइट का आरंभ किया.

- **भारतीय वायु सेना का विमान 'सुखोई-30' दुर्घटनाग्रस्त**

  19 मई भारतीय वायु सेना का 'सुखोई-30' (एसयू-30 एमकेआई) लड़ाकू विमान असम के लाओखोवा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया. विमान में तकनीकी खामी आ गई थी. इसके पायलट और सह-पायलट दोनों सुरक्षित निकल आए. दुर्घटनाग्रस्त 'सुखोई-30' लड़ाकू विमान तेजपुर के सलानीबारी वायु सेना स्टेशन से नियमित उड़ान पर था.

- **प्रधानमंत्री ने लांच किया पहला टेलीविजन चैनल 'डीडी किसान'**

  26 मई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में किसानों को समर्पित भारत का पहला टेलीविजन चैनल 'डीडी किसान' लांच किया. डीडी किसान चैनल का प्रसारण 24 घंटे होगा. किसान चैनल पर कृषि की नई तकनीकि और किसानों की चिंताओं से जुड़े कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा.

## दुनिया:

- **चीनी राजनयिक लू पिंग का निधन**

  3 मई चीनी राजनयिक लू पिंग का को बीजिंग में निधन हो गया. उन्होंने हॉगकॉग को अंग्रेजों की अधीनता से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. वे 87 वर्ष के थे.

- **ऑस्कर पुरस्कार विजेता लेखक माइकल ब्लेक का निधन**

  3 मई फिल्म 'डांसेज विद वोल्व्स' के लिए ऑस्कर पुरस्कार विजेता लेखक माइकल ब्लेक (Michael Blake) का कैंसर के कारण अरिजोना के टस्कन में निधन हो गया. वे 69 वर्ष के थे.

- **फिलीपींस और जापान तटरक्षक बलों का संयुक्त एंटी-पायरेसी अभ्यास आयोजित**

  6 मई फिलीपींस और जापान के तटरक्षक बलों की टीमों का मनीला बे पर संयुक्त एंटी-पायरेसी अभ्यास आयोजित किया गया. यह जापान और फिलीपींस द्वारा वर्ष 2012 में सामरिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद पहला संयुक्त अभ्यास है.

- **कनाडा के हाउस ऑफ़ कॉमंस में आतंकवाद विरोधी कानून-2015 पारित**

  6 मई कनाडा के हाउस ऑफ कॉमंस ने सी-51 विधेयक (आतंकवाद विरोधी कानून-2015) को पारित कर दिया. इससे देश की खुफिया एजेंसियों को अतिरिक्त बल प्राप्त होगा. इसके पक्ष में 183 मत पड़े जबकि विरोध में केवल 96 वोट डाले गए.

- **लिटिल इंडिया में पहला संग्रहालय इंडियन हेरिटेज सेंटर खुला**

  7 मई सिंगापुर के प्रधानमंत्री ली हीन लूंग ने लिटिल इंडिया में पहला संग्रहालय इंडियन हेरिटेज सेंटर शुरू किया.

- **भारत और रूस ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 11 आशय-पत्रों पर हस्ताक्षर किए**

  8 मई भारत और रूस के बीच उच्च शिक्षा संस्थान नेटवर्क स्थापित करने और वैज्ञानिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण के क्षेत्र में शैक्षणिक सहयोग से जुड़े 11 आशय-पत्रों (Memorandum of Intent, MoI) पर मॉस्को में हस्ताक्षर हुए.

- **राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मॉस्को में संस्कृति उत्सव 'नमस्ते रूस' का उद्घाटन किया**

  10 मई राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 10 मई 2015 को मॉस्को में भारतीय संस्कृति उत्सव 'नमस्ते रूस; का उद्घाटन किया.

- **नेपाल में 7.4 रिक्टर तीव्रता का भूकंप**

  12 मई भारत, नेपाल, चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिसकी रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 7.4 मापी गई. भूकंप के तीन केंद्र थे, जिसमें से दो केंद्र नेपाल और एक केंद्र अफगानिस्तान में था.

- **भारत-चीन ने द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने हेतु 24 समझौतों पर हस्ताक्षर किए**

  15 मई भारत और चीन ने दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु 24 समझौतों पर हस्ताक्षर किये. यह समझौते भारतीय प्रधानमंत्री तथा चीन के प्रधानमंत्री ली किषयांग की उपस्थिति में बीजिंग में हुए.

- **भारत-चीन सीमा के नजदीक स्थित नीलोंग घाटी को पर्यटकों के लिए फिर से खोला**

  16 मई उत्तराखंड में स्थित नीलोंग घाटी को पर्यटकों के लिए फिर से खोल दिया गया. यह घाटी उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है जो कि अपने अदभुत प्राकृतिक नज़ारों के लिए प्रसिद्ध है.

- **चीनी में ICICI बैंक की पहली शाखा का उद्घाटन किया गया**

  18 मई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 मई 2015 को चीन के प्रमुख वितीय केंद्र शंघाई में ICICI बैंक की पहली शाखा का उद्घाटन किया. उद्घाटन समारोह के दौरान ICICI बैंक की प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंदा कोचर भी मौजूद थीं.

- **भारत एवं दक्षिण कोरिया के बीच 7 समझौते पर हस्ताक्षर**

  18 मई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दक्षिण कोरिया की यात्रा के दौरान भारत एवं दक्षिण कोरिया के बीच 7 समझौते पर हस्ताक्षर हुए.

- **फोर्ब्स ने जारी की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची**
  26 मई अमेरिकी पत्रिका फोर्ब्स द्वारा 26 मई 2015 को विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं की सूची जारी की गई. इस वर्ष विश्व की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं में भारत की 4 महिलाएं शामिल हैं.

## साइंस:

- **नासा ने किया इलेक्ट्रिक विमान जीएल-10 के प्रोटोटाइप का सफल परीक्षण**
  1 मई नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने विद्युत् चालित 10-इंजन के प्रोटोटाइप ग्रीस्ड लाइटिंग (जीएल-10) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया. इसकी जानकारी नासा ने 1 मई 2015 को दी.
- **सुपरसोनिक मिसाइल 'आकाश' सेना में शामिल**
  5 मई स्वदेशी निर्मित सुपरसोनिक मिसाइल 'आकाश' को 5 मई 2015 को सेना में शामिल किया गया. सेना के प्रमुख जनरल दलबीर सिंह सुहाग ने औपचारिक रूप से इसका लोकार्पण किया.

## खेल:

- **राफेल नडाल गोल्डन मेडल फॉर मेरिट से सम्मानित**
  1 मई टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को को स्पेन में उत्कृष्ट कार्य के लिए गोल्डन मेडल फॉर मेरिट प्रदान किया गया.
- **इंग्लैंड के बल्लेबाज जोनाथन ट्राट का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास**
  4 मई इंग्लैंड के बल्लेबाज जोनाथन ट्राट ने को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की. जोनाथन ने वेस्टइंडीज दौरे पर अपने खराब प्रदर्शन के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया.
- **भारत की गीता फोगट ने 'सीनियर एशिया कुश्ती चैंपियनशिप- 2015' में कांस्य जीता**
  7 मई भारत की गीता फोगट ने 'सीनियर एशिया कुश्ती चैंपियनशिप- 2015' में महिलाओं के फ्री स्टाइल 58 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक जीता.

  **विकास गौड़ा ने जमैका अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण मीट में स्वर्ण पदक जीता**
  10 मई भारत के चक्का फेंक खिलाड़ी विकास गौड़ा ने 10 मई 2015 को किंग्सटन में जमैका अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण मीट में 65.14 मीटर की दूरी पर चक्का फेंककर स्वर्ण पदक जीता.

- **रोहन बोपन्ना और फ्लोरियन मर्जिया ने मैड्रिड मास्टर्स टूर्नामेंट 2015 का पुरुष युगल खिताब जीता**
  10 मई रोहन बोपन्ना और फ्लोरियन मर्जिया की जोड़ी ने सर्बियाई और पोलिश जोड़ी नेनाद जिमोनजिक और मार्टिन मातकोवस्की की जोड़ी को 6-2, 6-7, 11-9 से पराजित कर मैड्रिड ओपेन मास्टर्स टूर्नामेंट 2015 का पुरुष युगल खिताब जीत लिया. फाइनल मैच स्पेन के मैड्रिड में खेला गया.
- **अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् के टेस्ट रैंकिंग में भारत चौथे स्थान पर**
  11 मई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) द्वारा 11 मई 2015 को जारी टेस्ट रैंकिंग में भारत चौथे स्थान पर रहा. इस सूची में प्रथम स्थान पर साउथ अफ्रीका, दो पर आस्ट्रेलिया और तीसरे स्थान पर न्यूजीलैंड है. चौथे पर भारत, पांचवे पर इंग्लैंड, पाकिस्तान छठे और श्रीलंका को 7वां स्थान हासिल हुआ. आठवें स्थान पर वेस्टइंडीज रहा.
- **गगन नारंग ने ISSF विश्व कप की पचास मीटर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता**
  15 मई भारत के निशानेबाज गगन नारंग ने अमेरिका के फोर्ट बेनिंग में आयोजित की गई अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की 50 मीटर राइफल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता.
- **बार्सिलोना ने 23वीं बार स्पेनिश फुटबॉल लीग 'ला लीगा' का खिताब जीता**
  18 मई बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 1-0 से हराकर 23वीं बार स्पेनिश फुटबॉल चैंपियनशिप ला-लीगा का खिताब जीत लिया. इस मैच में बार्सिलोना की ओर से एकमात्र गोल लियोनेल मेस्सी ने किया. पिछले सात वर्षों में बार्सिलोना का यह पांचवां ला लीगा खिताब है.
- **मुंबई इंडियंस टीम ने आइपीएल-8 का खिताब जीता**
  24 मई इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल)-8 के खिताबी मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपरकिंग्स को 41 रनों से हराकर खिताब जीता.